26/01/2025

आकाशवाणी ईटानगर

राष्ट्र आज छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने नई दिल्ली के कर्तव्य पथ से गणतंत्र दिवस मनाने में राष्ट्र का नेतृत्व किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया और शहीद नायकों को श्रद्धांजलि दी। मुख्य अतिथि के रूप में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो राष्ट्रपति मुर्मू के साथ औपचारिक बग्गी में पहुंचे। इस दौरान राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया, उसके बाद इक्कीस तोपों की सलामी के साथ राष्ट्रगान हुआ। परेड में इंडोनेशिया के एक सौ साठ सदस्यीय मार्चिंग दल और एक सौ नब्बे सदस्यीय बैंड दल ने भी हिस्सा लिया। इसके अलावा, राष्ट्र और समाज निर्माण में योगदान का सम्मान करने के लिए, विभिन्न क्षेत्रों से 10,000 विशेष मेहमानों को इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए सरकार के विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया था।

0000000000000000000

अरुणाचल प्रदेश में भी आज छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मनाया गया। मुख्य समारोह ईटानगर में आयोजित किया गया, जहां राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल केटी परनायक ने राष्ट्रीय ध्वज फहराया।

**--बाईट--**

0000000000000000000

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल के टी परनायक और राज्य की प्रथम महिला अनाघा परनाइक ने राजभवन में छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में पारंपरिक ‘एट होम’ रिसेपशन का आयोजन किया। ‘एट होम’ समारोह एकता, देशभक्ति और समावेशिता का उत्सव है जो गणतंत्र दिवस समारोह के मील का पत्थर साबित हुआ। मुख्यमंत्री पेमा खांडू, अन्य मंत्रिमंडलीय परिषद और राज्य विधानसभा परिषद के सदस्यों तथा अन्य विशेष अतिथि सहित बच्चे इस अवसर पर उपस्थित थे।

0000000000000000000

मुख्यमंत्री पेमा खांडू और उप मुख्यमंत्री चाउना मेन ने राज्य के छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दी। अपने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए मुख्यमंत्री ने सभी से गणतंत्र दिवस को मनाने और सामाजिक ताना बाना को मजबूत कर संवैधानिक मूल्यों को कायम रखने को कहा। उन्होंने लोगों से विकसित अरुणाचल के लक्ष्य को हासिल करने में लगातार समर्थन करने को कहा।

उपमुख्यमंत्री ने सभी से अरुणाचल प्रदेश और भारत के गौरवान्वित नागरिकों के रुप में एकजुट होकर एक मजबूत, आत्मनिर्भर और समावेशी राष्ट्र के निर्माण के लिए एकजूट होने को कहा।

0000000000000000000

राज्यभर में आज छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। तिराप जिले के दिओमाली, लाजू, दादाम, बोरदुरिया, बारी-बासिप और सोहा के प्रशासनिक आउटपोस्ट में लोगों ने काफी उत्साह के साथ भाग लिया। कार्यक्रम में मार्च-पास्ट के साथ सांस्कृतिक प्रदर्शन का भी आयोजन किया गया। वहीं तवांग में सरकारी कर्मचारियों और सामाजिक कार्यक्रताओं को उनके उत्कृष्ट सेवाओं के लिए नगद पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किए गए।

इधर लोअर सियांग जिले में विभिन्न क्षेत्रों के सरकारी कर्मचारियों को प्रशंसा प्रमाण पत्र, नवनियुक्त गाँव बुढाओं को नियुक्ति पत्र और रेड कोट्स तथा लिकाबाली, चिदो - चिदी जनरल फिल्ड में विभिन्न खेलों के विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

0000000000000000

राज्य के मुख्य सचिव मनीष गुप्ता ने आज ईटानगर के आईजी पार्क में छिहत्तरवें गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान विभिन्न श्रेणियों के लिए 'राज्य पुरस्कार दो हजार पच्चीस' की घोषणा की। इस अवसर पर गैर सरकारी संगठन राम कृष्ण सारदा मिशन, सेंटर फॉर बियर रिसर्च एंड रिहैबिलिटेशन, पक्के टाइगर रिजर्व (पीटीआर), एसपी एंटी करप्शन ब्यूरो अनंत मित्तल और सेप्पा पुलिस स्टेशन, ईस्ट कामेंग के इंस्पेक्टर मिनली गेई और कांस्टेबल जिमकम खोमरंग को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए। इसके अलावा, छह रजत पदक और 17 प्रशस्ति प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए।

इस बीच, उपमुख्यमंत्री चाउना मेन ने सभी विजेताओं को बधाई दी और कहा, वे सभी के लिए प्रेरणा हैं और उनके प्रयास अरुणाचल प्रदेश की प्रगति और समृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

0000000000000000

राष्ट्रीय पर्यटन दिवस के अवसर पर कल राजधानी ईटानगर स्थित गेकार शिनयी (गंगा लेक) में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय समारोह में मेराथन रेस, कुकिंग कंपीटेशन, बच्चों की कई गतिविधियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ शामिल थी। कार्यक्रम के अंतिम दिन में अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों सहित रुट्स, आर्ट एण्ड कल्चर ट्रस्ट ने गेकार शिनयी के लोक कथाओं पर आधारित एक नाटक का भी प्रदर्शन किया।

0000000000000000000

मौसम विभाग़ के पुर्वानुमान के अनुसार चांगलांग, नामसाई, तिराप, लोंगडिंग, शी-योमी, अपर सुबनसिरी, पाक्के केसांग, कामले, ईस्ट कामेंग और तवांग जिलों को छोड़कर अन्य जिले को येल्लो अलार्ट जोन में रखा गया है। इन जिलों में इस महीने के उनतीस और तीस तारिख को किसी-किसी क्षेत्र में बिजली के साथ आंधी चलने की संभावना है।